अत्यावश्यक सूचना

तिथि 28/08/2024

नेरवा महाविद्यालय में पढ़ रहे सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि आगामी 13 सिंतबर को भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में हिंदी दिवस के निमित्त प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन शिमला के गेयटी थिएटर में होना है। इसी के निमित्त नेरवा महाविद्यालय में भी आगामी 06/09/2024 को महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है, जिनका विवरण , समय सीमा व विषय वस्तु निम्नलिखित प्रकार से है।

भाषण प्रतियोगिता विषय-

"जनभाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी की दशा" अथवा

" विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हिंदी की भूमिका"

निबन्ध लेखन प्रतियोगिताविषय-

" वैश्वीकरण के युग में हिंदी भाषा की स्थिति एवं गति" या

" राष्ट्रीय एकीकरण और हिंदी भाषा"

समय अवधि 01 घण्टा 30 मिनट। शब्द सीमा 350 से 700 ।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हिंदी साहित्य व हिंदी व्याकरण पर आधारित- (बहुविकल्पीय प्रश्न) कुल अंक 50 समय सीमा 01 घण्टा

कविता वाचन प्रतियोगिता

निर्देश- कविता प्रतिभागियों की स्वरचित व मौलिक होनी चाहिए। कविता का विषय प्रतिभागी स्वंय अपनी रुचि के अनुसार चुन सकते है। एक प्रतिभागी की एक कविता का 50 अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। एक से अधिक कविताएं मान्य नहीं होंगी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के कक्षा-कक्ष में प्रातः 11 बजे से 2 बजे के मध्य में होगा।जो भी छात्र इसमें भाग लेना चाहते है वो सभी अपना नाम हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष के पास जमा करवा दें। उपर्युक्त प्रतियोगिता में विजयी छात्रों का चयन हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में गेयटी थिएटर शिमला में होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

28/8/24

Principal
Govt. College Nerwa
Distt. Shimla, H.P. 171210